दैनिक भास्कर
राजसमन्द भास्कर 19-06-2025

# शिक्षा सम्बल समर कैंप का हुआ समापन



रेलमगरा | हिन्दुस्तान जिंक और विद्याभवन के शिक्षा सम्बल कार्यक्रम के तहत समर कैंप का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम गौड़ ने की। मुख्य अतिथि आईबीयू सीईओ दरीबा बलवंतसिंह राठौड़ रहे। अक्षय ओहरी, हेड एक्सटर्नल अफेयर्स दरीबा, सीएसआर हेड भुवनेश शर्मा, प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, प्रधानाचार्य छगनलाल, विद्याभवन टीम और जिंक सीएसआर टीम मौजूद रही। जिला शिक्षा अधिकारी गौड़ ने ग्रीष्मावकाश के सदुपयोग के लिए समर कैंप की सराहना की। बलवंत राठौड़ ने छात्रों को शिक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी। नियमित पढ़ाई पर जोर दिया। लोकेशन कोऑर्डिनेटर ने समर कैंप की जानकारी दी। फील्ड कोऑर्डिनेटर ने बताया कि समर कैंप, दीपावली कक्षाएं, शीतकालीन कक्षाएं, बेसलाइन और एंडलाइन टेस्ट के माध्यम से बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हुआ है। समापन पर अतिथियों ने छात्रों को पारितोषिक वितरित किए। समर कैंप में 212 छात्रों ने भाग लिया। इनमें 11 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।